Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

अल्लाह तआला का आदेश

وَيٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا ادْخُلُوْا فِي السِّلْمِ كَآفَّةً وَّلَا تَتَّبِعُوْا خُطُوٰتِ الشَّيْطٰنِ ۭ اِنَّهٗ لَكُمْ عَدُوٌّ مُّبِيْنٌ ○

(सूरतुल बक़रा आयत :208)

अनुवाद: और लोगो जो ईमान लाए हो सब के सब अल्लाह तआला की इताअत के मार्ग में शामिल हो जाओ और शैतान के कदमों के नीचे न चलो शैतान तुम्हारा खुला खुला शत्रु है।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 3

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

The Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 29

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

5 ज़विल कअदा 1439 हिजरी कमरी 19 वफा 1397 हिजरी शमसी 19 जुलाई 2018 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

सय्यदना हज़रत ख़लीफतुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला ने फरमाया कि कश्ती नूह में हमारी शिक्षा का जो भाग है वह ज़रूर हर अहमदी को पढ़ना चाहिए बल्कि पूरी कश्ती नूह ही पढ़ें।

हमारा ख़ुदा तो अगण्य चमत्कारों वाला है, पर वे ही देख पाते हैं जो पूर्ण सच्चाई और आस्था से उसी के हो गए हैं। हमारा परमानन्द हमारा ख़ुदा है क्योंकि हमने इसका अनुभव किया है। हर प्रकार का सौंदर्य उसमें विद्यमान है। यह धन लेने योग्य है यद्यपि कि जीवन देकर प्राप्त हो, यह रत्न ख़रीदने योग्य है यद्यपि समस्त अस्तित्व खोकर प्राप्त हो ।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

उस मनुष्य की दुआ कैसे स्वीकार हो सकती है जो बड़ी बड़ी विपत्तियों को प्रकृति के नियम के विरुद्ध समझता है। ऐसा मनुष्य ख़ुदा के समक्ष दुआ हेतु खड़े होने का साहस कैसे कर सकता है जो ख़ुदा को प्रत्येक वस्तु पर पूर्ण अधिकार रखने वाला एवं सर्वशक्ति सम्पन्न नहीं समझता। पर हे सौभाग्यशाली मनुष्य ! तू ऐसा मत कर, तेरा ख़ुदा तो वह है जिसने अगणित नक्षत्रों को आकाश में बिना किसी स्तम्भ के लटका दिया, जिसने धरती और आकाश को कुछ न होते हुए उत्पन्न किया। क्या तू ऐसा विचार रखता है कि वह तेरे कार्य करने में असमर्थ रहेगा तेरे ही विचार तुझे वंचित कर सकते हैं। हमारा ख़ुदा तो अगण्य चमत्कारों वाला है, पर वे ही देख पाते हैं जो पूर्ण सच्चाई और आस्था से उसी के हो गए हैं। वह ऐसे मनुष्यों पर अपने अलौकिक चमत्कार प्रदर्शित नहीं करता जो उसकी शक्तियों पर विश्वास नहीं करते और उसके सच्चे और परम भक्त नहीं। कितना दुर्भाग्यशाली है वह मनुष्य जिसे अंत तक यह ज्ञात नहीं कि उसका ख़ुदा है जो समस्त शक्तियों से परिपूर्ण है। हमारा स्वर्ग हमारा ख़ुदा है। हमारा परमानन्द हमारा ख़ुदा है क्योंकि हमने इसका अनुभव किया है। हर प्रकार का सौंदर्य उसमें विद्यमान है। यह धन लेने योग्य है यद्यपि कि जीवन देकर प्राप्त हो, यह रत्न ख़रीदने योग्य है यद्यपि समस्त अस्तित्व खोकर प्राप्त हो। हे वंचित रहने वालो ! इस झरने की ओर दौड़ो कि यह तुम्हें सींचेगा। यह जीवन दायी झरना है जो तुम्हें सुरक्षित रखेगा। मैं क्या करूं और किस प्रकार इस शुभ संदेश को हृदयों तक पहुंचाऊं, किस ढपली से मैं बाज़ारों में मुनादी करूं कि तुम्हारा ख़ुदा यह है ताकि लोग सुन लें, किस औषधि से मैं उपचार करूं ताकि लोगों के कान खुलें।

यदि तुम ख़ुदा के हो जाओगे तो निसंदेह ख़ुदा तुम्हारा होगा। तुम सोए हुए होगे और ख़ुदा तुम्हारे लिए जागेगा, तुम शत्रु से बेख़बर होगे पर ख़ुदा उसे देखेगा और उसके प्रयत्नों को विफ़ल करेगा। तुम्हें अभी तक ज्ञात नहीं कि तुम्हारे ख़ुदा में कौन-कौन सी शक्तियां विद्यमान हैं। यदि तुम्हें ज्ञात होता तो तुम पर कोई दिन ऐसा न आता कि तुम संसार के लिए दुखी होते। एक मनुष्य जो अपने पास एक ख़ज़ाना रखता है क्या वह एक पैसे के व्यर्थ हो जाने से विलाप करता है, चीख़ें मारता है और मरने लगता है। यदि तुम को उस ख़ज़ाने की सूचना होती कि तुम्हारा ख़ुदा प्रत्येक आवश्यकता के अवसर पर काम आने वाला है, तो तुम सांसारिक वस्तुओं के लिए इतने आपे से बाहर न होते। ख़ुदा एक प्यारा ख़ज़ाना है उसकी क़द्र करो कि वह तुम्हारे प्रत्येक पग पर तुम्हारी सहायता करता है, उसके बिना तुम्हारा कोई अस्तित्व नहीं, तुम्हारे साधन, प्रयास और प्रयत्न महत्त्वहीन हैं। अन्य क़ौमों का अनुकरण मत करो जो पूर्णरूपेण सांसारिक साधनों पर निर्भर हैं। जैसे सांप मिट्टी खाता है इसी प्रकार वे संसार के क्षुद्र साधनों पर आश्रित हो गए, जैसे गिद्ध और कुत्ते मरे हुए जानवरों को खाते हैं। इन्होंने भी मुरदा जानवरों पर दांत मारे। वे ख़ुदा से बहुत दूर हो गए, उन्होंने मनुष्यों की उपासना की, सुअर खाया और मदिरा का पानी की भांति सेवन किया, भौतिक साधनों पर गिरे और ख़ुदा से शक्ति न मांगने के कारण वह मर गए। उनमें से आध्यात्मिकता इस प्रकार निकल गई जिस प्रकार घोंसले से पक्षी उड़ जाता है। उनके अन्दर सांसारिक साधनों की उपासना का एक कोढ़ है जिसने उनके सभी आंतरिक अवयवों को काट दिया है। अत: तुम उस कोढ़ से डरो। मैं तुम्हें सांसारिक साधनों से एक सीमा में रहते हुए लाभ उठाने से नहीं रोकता अपितु तुम्हें इस बात से रोकता हूं कि तुम अन्य क़ौमों की भांति इन भौतिक साधनों के दास बन जाओ और उस ख़ुदा को भुला दो जो उन साधनों को भी पैदा करता है। अगर तुम्हारे नेत्र हैं तो तुम्हें दिखाई दे जाए कि ख़ुदा के अतिरिक्त सब कुछ तुच्छ है। तुम उसकी आज्ञा के बिना अपने हाथों को न तो फैला सकते हो न समेट सकते हो। एक आध्यात्मिक मुर्दा इस बात की हंसी उड़ाएगा, यदि वह वास्तव में मर गया होता तो उसके लिए अति उत्तम था। सावधान ! तुम अन्य कौमों को देखकर उनका अनुकरण मत करो कि उन्होंने भौतिक लक्ष्यों की प्राप्ति में बहुत उन्नति कर ली है, इसलिए हम भी उन्हीं के पद चिन्हों पर चलें। सुनो और समझो कि वे उस ख़ुदा से लापरवाह और अपरिचित हैं, जो तुम्हें अपनी ओर बुलाता है। उनका ख़ुदा क्या है ? मात्र एक विवश इन्सान । इसलिए वे लापरवाही में पड़े हैं। मैं तुम्हें दुनिया कमाने और व्यापार आदि करने से नहीं रोकता, पर तुम उन लोगों के अधीन मत हो जिन्होंने संसार को ही सब कुछ समझ लिया है। तुम्हारे प्रत्येक कार्य में चाहे वह दुनिया का हो या दीन (धर्म) का उसको करने में ख़ुदा से हर समय सामर्थ्य मांगते रहो ; न केवल शुष्क होठों से बल्कि तुम्हारी सचमुच यह आस्था हो कि प्रत्येक भलाई आकाश से ही उतरती है। तुम सच्चे उसी समय बनोगे जब तुम प्रत्येक संकट के समय किसी भी प्रयास से पूर्व सबसे विरक्त होकर ख़ुदा की चौखट पर गिरो कि हे ख़ुदा ! मेरे समक्ष यह समस्या है, अपनी विशेष अनुकम्पा से इस समस्या का समाधान कर। तब ख़ुदा के फ़रिश्ते तुम्हारी सहायता करेंगे और अदृश्य शक्ति की ओर से कोई मार्ग तुम्हारे लिए प्रशस्त किया जाएगा। अपने प्राणों पर दया करो। जो लोग ख़ुदा से अपने समस्त संबंध समाप्त कर चुके हैं और तन-मन से पूर्णरूपेण संसार पर निर्भर हैं, यहां तक कि शक्ति और सामर्थ्य मांगने के लिए अपने मुख से इन्शाअल्लाह भी नहीं कहते, उनका अनुसरण मत करो। ख़ुदा तुम्हारे नेत्र खोले ताकि तुम्हें ज्ञात हो कि तुम्हारा ख़ुदा तुम्हारे समस्त प्रयासों का आधारभूत स्तम्भ है ।यदि स्तम्भ गिर जाए तो क्या कड़ियां अपनी छत पर टिकी रह सकती हैं ? कदापि नहीं, बल्कि एक बार में ही गिर पड़ेंगी और संभव है कि उनसे कई मौतें भी हो जाएं । इसी प्रकार तुम्हारे प्रयास भी ख़ुदा की सहायता के बिना सफल नहीं हो सकते । यदि तुम उससे सहायता नहीं मांगोगे, उससे शक्ति मांगना अपनी दिनचर्या नहीं बनाओगे तो तुम्हें कोई सफलता प्राप्त नहीं होगी । अंतत: बड़ी हसरत के साथ मरोगे ।

(रूहानी ख़ज़ायन जिल्द 19 पृष्ठ 9 से 11)

☆ ☆ ☆

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ की डेनमार्क और सवीडन का सफर, मई 2016 ई (भाग-1)

4 मई प्रतिदिन बुधवार लंदन से प्रस्थान और इसी दिन डेनमार्क में पहुंचना। मस्जिद नुसरत जहां तशरीफ़ पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का शानदार स्वागत, बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किए।

मस्जिद नुसरत जहाँ के साथ नए बनाए गए मिशन हाउस, पुस्तकालय ,कार्यालयों, नमाज़ हाल आदि का निरीक्षण और निर्देश। Hvidovre क्षेत्र के नगरपालिका के मेयर और उनके चार कौंसलर का हुज़ूर अनवर से मुलाकात।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला की तरफ से मेयर और पार्षद के सवालों की हिक्मत वाले उत्तर, उन्हें इस्लाम अहमदियत की तब्लीग़ ,शांति की स्थापना और अन्य महत्तवपूर्ण बातों पर नसीहतें। डेनमार्क की धरती से हुज़ूर अनवर का दूसरा ख़ुत्बा जुम्अः जो सारी दुनिया में एम टी ए के माध्यम से सीधा प्रसारित हुआ। डेनमार्क में पधारने की प्रिंट तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया में ख़बरें। पारिवारिक मुलाकातें।

यह समय है कि हम शांति की स्थापना करें।

अगर हम इस सिद्धांत पर कायम हों कि हम सब इंसान हैं और हम ने मानवीय मूल्यों की स्थापना करनी है और एक दूसरे का सम्मान करना है तो तब दुनिया में शांति हो सकती है।

अहमदियों ने चूंकि इस युग में आने वाले मसीह अलैहिस्सलाम को माना है इसलिए उनके लिए यह बात अनिवार्य है कि वह शांतिपूर्ण हों और प्रत्येक के साथ प्यार और मुहब्बत से पेश आने वाले हों और दूसरों का ध्यान रखने वाले हों ।

इस्लाम कहता है कि धर्म में बाध्यता नहीं धर्म का मामला ख़ुदा तआला के हाथ में है, धर्म के हवाले से उसी ने ही तय करना है, इंसान को चाहिए कि एक दूसरे का सम्मान करे, मानवीय मूल्य महत्त्वपूर्ण हैं उनका ख्याल रखें, धर्म का मामला ख़ुदा तआला के हाथ में रहने दें, अगर धर्मों वाले एक दूसरे को मारेंगे, कत्ल डालेंगे तो फिर कौन किस धर्म पर चलेगा, फिर धर्म का क्या लाभ? एक दूसरे को मारते हुए सब मर जाएंगे।

यह बात सही है कि धार्मिक स्वतंत्रता है, राय की स्वतंत्रता है, तब्लीग़ की , संदेश पहुंचाने की स्वतंत्रता है। लेकिन अगर यह स्वतंत्रता दूसरों की भावनाओं को प्रताड़ित कर रही है, तो इस पर कुछ सीमा लगानी होगी। कोई तरीका निकालना पड़ेगा तब ही शांति, सहिष्णुता और भाईचारे की स्थापना की जा सकती है।

पोप ने कहा कि अगर कोई मेरा अच्छा दोस्त मां के ख़िलाफ गाली दे, तो उसे मुक्का खाने के लिए तैयार रहना चाहिए। ईसाईयों को पोप की बात सुननी चाहिए। पोप लोगों की भावनाओं की रक्षा करने की कोशिश कर रहा है। मैं समझता हूं कि वह इस पहलू से वास्तविक ईसाई धर्म की शिक्षाओं का पालन कर रहा है।

पाकिस्तान में हमारे ख़िलाफ नियमित कानून बना हुआ है, कुछ देशों में कानून तो नहीं लेकिन हमें अपने अधिकारों से वंचित किया जाता है और हम खुलकर तब्लीग़ नहीं कर सकते, चुनौती तो हर जगह हैं, जितनी बड़ी योजना है उतनी ही अधिक समस्या हैं जिनका सामना करना पड़ता है लेकिन इन सब बातों के बावजूद हमारा विकास हो रहा है, हमारा संदेश ऐसा है कि हर साल लाखों लोग अहमदियत यानी वास्तविक इस्लाम में प्रवेश कर रहे हैं

Hvidovre के मेयर और पार्षद की हुज़ूर अनवर के साथ मीटिंग और उनके प्रश्नों पर हुज़ूर अनवर के ईमान वर्धक उत्तर;

(रिपोर्टः अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादकः शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

दिनांक 4 मई 2016 (बुधवार)

आज हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ सेकंड नेवियाई देशों डेनमार्क और स्वीडन के सफर के लिए निकले।

वर्ष 2005 ई में जर्मनी का दौरा पूरा कर ने के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने 6 सितम्बर दिनांक मंगलवार से 11 सितम्बर दिनांक इतवार 2005 ई डेनमार्क का पहला दौरा किया था।

वर्ष 2011 ई में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ जर्मनी यात्रा में अपने हमबरग HAMBURG प्रवास के दौरान 9 अक्टूबर 2011 ई को केवल एक दिन के लिए डेनमार्क के उत्तर में बसे शहर NAKSKOV तशरीफ़ लाए थे और अन्य विभिन्न कार्यक्रमों के अलावा यहां स्थित अलबानियन और KOSOVO के अहमदी दोस्तों और परिवार के सदस्यों ने मुलाकात का सौभाग्य पाया था ।

डेनमार्क के इस नियमित दूसरे दौरे की एक प्रमुख विशेषता यह भी है कि " मस्जिद नुसरत जहां" कोपेनहेगन के साथ एक नया मिशन हाऊस, कार्यालयों, व्यापक हाल्स, पुस्तकालय और आवासीय भाग, गेस्ट हाउस आदि निर्माण हुए हैं और एक पूरा नया परिसर बनाया गया है, जिस का उद्घाटन इस सफर में होगा।

डेनमार्क के इस बरकत वाले सफर का आरम्भ गुरुवार, 2016 को 4 बजे शुरू हुआ। दोपहर साढ़े बारह बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ अपने आवास से बाहर आए। अपने प्यारे आक़ा को अलविदा कहने के लिए मस्जिद फज़ल लंदन के सेहन में जमा हुए थे। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने दुआ करवाई और अपना हाथ बढ़ा कर सबको अस्सलामो अलैकुम कहा और एयरपोर्ट लिए प्रस्थान किया।

शेष पृष्ठ 7 पर

ख़ुत्बः जुमअः

आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने जुम्अः के महत्त्व का उल्लेख करते हुए एक अवसर पर फरमाया कि इसमें एक ऐसी घड़ी आती है जब मुसलमान को ऐसा समय मिले और वह खड़ा नमाज़ पढ़ रहा हो तो जो दुआ मांगे स्वीकार की जाती है या जो भलाई और ख़ैर मांगता है, अल्लाह तआला प्रदान करता है। जुम्अः का ख़ुत्बा भी नमाज़ का हिस्सा है इसलिए यह समय भी इस घड़ी में शामिल है जिस में वह घड़ी शामिल है।

जुम्अः के दिन का एक विशेष मजबूरी के प्रत्येक वयस्क पुरुष को इसे पढ़ना आवश्यक करार दिया गया है। नमाज़ में हर कोई अपनी सोच और ज़रूरतों के अनुसार दुआ करता है, और कुछ ऐसे हैं जो नमाज़ भी पढ़ लेते हैं और विशेष दुआ की तहरीक उन में पैदा नहीं होती। बस नमाज़ पढ़ ली, शब्दों को दुहरा लिया और बहुत हो गया। और उन को दुआ के महत्त्व का पच नहीं लगता इसलिए आज इस रमज़ान के अन्तिम जुम्अः में मैंने सोचा कि कुछ दुआएं पढ़ूं तोाकि जिन को अधिक महत्त्व नहीं उन क भी पता चल जाए। दुआं क्या हैं। और सामूहिक रूप से हम अल्लाह तआला से समक्ष अपनी दुआएं तथा विनय प्रस्तुत करें। और नमाज़ में सामूहिक रूप से फिर इन दुआओं के स्वीकार होने की दुआ भी मांगें। इन दुआओं में कुरआन मजीद की कुछ दुआएं मैंमे ली हैं. आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की कुछ दुआएं हैं हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की हैं और कुछ समान्य दुआएं भी हैं

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 15 जून 2018 ई. स्थान - मस्जिद बैतुलफ़ुतूह, मोर्डन लंदन, यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔
اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने जुम्अः के महत्त्व का उल्लेख करते हुए एक अवसर पर फरमाया कि इसमें एक ऐसी घड़ी आती है जब मुसलमान को ऐसा समय मिले और वह खड़ा नमाज़ पढ़ रहा हो तो जो दुआ मांगे स्वीकार की जाती है या जो भलाई और ख़ैर मांगता है, अल्लाह तआला प्रदान करता है, इसकी व्याख्या में, कुछ लोग यह भी कहते हैं कि जुम्अः का ख़ुत्बा भी नमाज़ का हिस्सा है इसलिए यह समय भी इस घड़ी में शामिल है, लेकिन जुम्अः के दिन का एक विशेष मजबूरी के प्रत्येक वयस्क पुरुष को इसे पढ़ना आवश्यक करार दिया गया है। नमाज़ में हर कोई अपनी सोच और ज़रूरतों के अनुसार दुआ करता है, और कुछ ऐसे हैं जो नमाज़ भी पढ़ लेते हैं और विशेष दुआ की तहरीक उन में पैदा नहीं होती। बस नमाज़ पढ़ ली, शब्दों को दुहरा लिया और बहुत हो गया। और उन को दुआ के महत्त्व का पच नहीं लगता इसलिए आज इस रमज़ान के अन्तिम जुम्अः में मैंने सोचा कि कुछ दुआएं पढ़ूं तोाकि जिन को अधिक महत्त्व नहीं उन क भी पता चल जाए। दुआं क्या हैं। और सामूहिक रूप से हम अल्लाह तआला से समक्ष अपनी दुआएं तथा विनय प्रस्तुत करें। और नमाज़ में सामूहिक रूप से फिर इन दुआओं के स्वीकार होने की दुआ भी मांगें। इन दुआओं में कुरआन मजीद की कुछ दुआएं मैंमे ली हैं. आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की कुछ दुआएं हैं हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की हैं और कुछ समान्य दुआएं भी हैं जो मैं पढ़ूंगा जिन को याद है वे दिल में दुहराते रहें और जो मेरे साथ दुहरा सकते हैं बेशक दुहराएं और दिल में हर दुआ के बाद आमीन भी कहते रहें। अल्लाह तआला हमारी दुआं कुबूल फरमाए।

سُبْحَانَ اللّٰهِ وَبِحَمْدِهٖ سُبْحَانَ اللّٰهِ الْعَظِيْمِ اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى مُحَمَّدٍ وَّاٰلِ مُحَمَّدٍ۔

सब से पहले कुरआन की दुआएं हैं।

رَبَّنَآ اٰتِنَا فِي الدُّنْيَا حَسَنَةً وَّفِي الْاٰخِرَةِ حَسَنَةً وَّقِنَا عَذَابَ النَّارِ (अलबक्र: 202)

हे हमारे रब्ब हमें दुनिया में भी भलाई प्रदान कर और अख़रत में भी भलाई प्रदान कर और हमें आग के अज़ाब से बचा।

رَبَّنَآ اَفْرِغْ عَلَيْنَا صَبْرًا وَّتَوَفَّنَا مُسْلِمِيْنَ (अल-आराफ 127)

हे हमारे रब्ब, हमें धैर्य दे और हमें मुस्लिम होने की स्थिति में वफात दे।

اَللّٰهُمَّ رَبَّنَآ اَنْزِلْ عَلَيْنَا مَآئِدَةً مِّنَ السَّمَآءِ تَكُوْنُ لَنَا عِيْدًا لِّاَوَّلِنَا وَاٰخِرِنَا وَاٰيَةً مِّنْكَ وَارْزُقْنَا وَاَنْتَ خَيْرُ الرّٰزِقِيْنَ

(अल्माइद: 115)

हे हमारे अल्लाह हमारे रब्ब हम पर आसमान से नेअमतों का दस्तरख़वान उतार जो हमारे अव्वलीन (पहलों) और हमारे आख़ॅरीन के लिए ईद हो जाए और तेरी तरफ से एक महान निशान के रूप से हो। और हमें अपना रिज़्क प्रदान कर और तू रिज़्क देने वालों में सब से बेहतर है।

رَبَّنَآ اِنَّنَا سَمِعْنَا مُنَادِيًا يُّنَادِيْ لِلْاِيْمَانِ اَنْ اٰمِنُوْا بِرَبِّكُمْ فَاٰمَنَّا ۔ رَبَّنَا فَاغْفِرْ لَنَا ذُنُوْبَنَا وَ كَفِّرْ عَنَّا سَيِّاٰتِنَا وَتَوَفَّنَا مَعَ الْاَبْرَارِ

(आले इम्रान 194)

हे हमारे रब्ब हम ने एक आवाज़ देने वाले को सुना जो ईमान की आवाज़ दे रहा था कि अपने रब्ब पर ईमान ले आओ अत: हम ईमान ले आए। हे हमारे रब्ब हमारे गुनाह क्षमा कर दे और हम से बुराइयों को दूर कर दे और हमें नेकियों के साथ मौत दे।

رَبَّنَآ اٰمَنَّا بِمَآ اَنْزَلْتَ وَاتَّبَعْنَا الرَّسُوْلَ فَاكْتُبْنَا مَعَ الشّٰهِدِيْنَ

(आले इम्रान 54)

हे हमारे रब्ब हम उस पर ईमान ले आए जो तूने उतारा और हम ने रसूल की पैरवी की। अत: हमें हक की गवाही देने वालों में से लिख दे।

رَبَّنَا لَا تُزِغْ قُلُوْبَنَا بَعْدَ اِذْ هَدَيْتَنَا وَهَبْ لَنَا مِنْ لَّدُنْكَ رَحْمَةً اِنَّكَ اَنْتَ الْوَهَّابُ

(आले इम्रान 54)

हे हमारे रब्ब हमारे दिलों को टेड़ा न होने दे इस के बाद के तू हमें हिदायत दे चुका है और हमें अपनी रहमत प्रदान कर। निसन्देह तू ही है जो बहुत प्रदान करने वाला है।

رَبِّ هَبْ لِيْ مِنْ لَّدُنْكَ ذُرِّيَّةً طَيِّبَةً اِنَّكَ سَمِيْعُ الدُّعَآءِ

(आले इम्रान 54)

हे हमारे रब्ब मुझे अपनी तरफ से पवित्र नस्ल प्रदान कर निसन्देह तू बहुत प्रदान करने वाला है।

رَبَّنَا هَبْ لَنَا مِنْ اَزْوَاجِنَا وَذُرِّيّٰتِنَا قُرَّةَ اَعْيُنٍ وَّاجْعَلْنَا لِلْمُتَّقِيْنَ اِمَامًا

(अल्फुर्कान 75)

हे हमारे रब्ब हमें अपने जीवन साथियों और अपनी औलाद से ठंडक प्रदान कर और हमें मुत्तिकयों का इमाम बना दे।

رَبِّ اَوْزِعْنِيْٓ اَنْ اَشْكُرَ نِعْمَتَكَ الَّتِيْٓ اَنْعَمْتَ عَلَيَّ وَعَلٰى وَالِدَيَّ وَاَنْ اَعْمَلَ صَالِحًا تَرْضٰىهُ وَاَصْلِحْ لِيْ فِيْ ذُرِّيَّتِيْ ۔ اِنِّيْ تُبْتُ اِلَيْكَ وَاِنِّيْ مِنَ الْمُسْلِمِيْنَ

(अलअहकाफ 16)

हे मेरे रब्ब मुझे तौफीक प्रदान कर के मैं तेरी इस नेअमत का शुक्रिया अदा कर सकूं जो तुझ ने मुझ पर और मेरे माता पिता पर की और इस प्रकार के नेक कर्म करूं जिन से तू राज़ी हो जाए और मेरे लिए मेरी नस्ल का सुधार कर दे। निसन्देह मैं तेरी तरफ ही लौटूंगा और निसन्देह मैं आज्ञाकारों में से हूं।

رَبِّ هَبْ لِيْ مِنَ الصّٰلِحِيْنَ

(अस्साफ्फात 101)

हे मेरे रब्ब मुझे सालेहीन में से (वारिस) प्रदान कर।

رَبِّ اِنِّيْ لِمَآ اَنْزَلْتَ اِلَيَّ مِنْ خَيْرٍ فَقِيْرٌ

(अल्कसस 25)

हे मेरे रब्ब में प्रत्येक अच्छी चीज़ के लिए जो तू मेरी तरफ नाज़िल करे एक फकीर हूं। इस की इच्छा रखता हूं।

رَبِّ اَوْزِعْنِیْۤ اَنْ اَشْکُرَ نِعْمَتَکَ الَّتِیْۤ اَنْعَمْتَ عَلَیَّ وَعَلٰی وَالِدَیَّ وَاَنْ اَعْمَلَ صَالِحًا تَرْضٰىهُ وَاَدْخِلْنِیْ بِرَحْمَتِکَ فِیْ عِبَادِکَ الصّٰلِحِیْنَ

(अन्मल 20)

हे मेरे रब्ब मुझे तौफीक प्रदान कर कि मैं तेरी नेअमत का शुक्र अदा करूं जो तूने मुझ पर की और मेरे माता पिता पर की और इस प्रकार के नेक कर्म करूं जो तुझे पसन्द हों और तू मुझे अपनी रहमत से अपने नेक बन्दों में शामिल कर ले।

رَبِّ اَعُوْذُ بِکَ مِنْ هَمَزٰتِ الشَّیٰطِیْنِ ۔ وَاَعُوْذُ بِکَ رَبِّ اَنْ یَّحْضُرُوْنِ

(अल्मोमेनूम 89-90)

और तू कह दे कि हे मेरे रब्ब मैं शैतान की शंकाओं से तेरी पनाह चाहता हूं और इस बात से तेरी पनाह में आता हूं कि हे मेरे रब्ब वे शंकाए मेरे निकट न आएं।

رَبِّ زِدْنِیْ عِلْمًا

(ताहा 115)

हे मेरे रब्ब मेरे रब्ब मेरे ज्ञान को बढ़ा दे।

رَبِّ اشْرَحْ لِیْ صَدْرِیْ ۔ وَیَسِّرْ لِیْۤ اَمْرِیْ ۔ وَاحْلُلْ عُقْدَةً مِّنْ لِّسَانِیْ ۔ یَفْقَهُوْا قَوْلِیْ

(ताहा 26-29)

हे मेरे रब्ब मेरा सीना मेरे लिए खोल दे और मेरा मामला मुझ पर आसान कर दे और मेरी ज़बान की गांठ को खोल दे ताकि वे मेरी बात समझ सकें।

رَبَّنَاۤ اٰتِنَا مِنْ لَّدُنْکَ رَحْمَةً وَّهَیِّئْ لَنَا مِنْ اَمْرِنَا رَشَدًا

(बनी इस्राईल 81)

हे मेरे रब्ब मुझे इस प्रकार दाख़िल के मेरा दाख़िल होना सच्चाई के साथ हो और मुझे इस प्रकार निकाल के मेरा निकलना सच्चाई के साथ हो और अपनी ओर से मेरे लिए ताकतवर मदद करने वाला प्रदान कर।

رَبِّ ارْحَمْهُمَا کَمَا رَبَّیٰنِیْ صَغِیْرًا

(बनी इस्राईल 25)

हे मेरे रब्ब इन दोनों पर(अर्थात मेरे माता पिता) पर रहम कर जिस तरह इन दोनों ने बचपन में मेरी तरिबयत की।

رَبِّ هَبْ لِیْ حُکْمًا وَّاَلْحِقْنِیْ بِالصّٰلِحِیْنَ ۔ وَاجْعَلْ لِّیْ لِسَانَ صِدْقٍ فِی الْاٰخِرِیْنَ ۔ وَاجْعَلْنِیْ مِنْ وَّرَثَةِ جَنَّةِ النَّعِیْمِ

(अश्शुअरा 84-86)

हे मेरे रब्ब मुझे हिक्मत प्रदान कर और मुझे नेक लोगों में शामिल कर और मेरे लिए आख़रीन में सच कहने वाली ज़बान प्रदान कर और मुझे नेअमतों वाली जन्नत के वारिसों में से बना।

رَبِّ اِنِّیْ ظَلَمْتُ نَفْسِیْ فَاغْفِرْ لِیْ

(अल्कसस 17)

हे मेरा रब्ब निसन्देह मैं ने अपनी जान पर ज़ुल्म किया। अत: तू मुझे क्षमा कर दे।

رَبَّنَاۤ اَتْمِمْ لَنَا نُوْرَنَا وَاغْفِرْ لَنَا اِنَّکَ عَلٰی کُلِّ شَیْءٍ قَدِیْرٌ

(अत्तहरीम 9)

हे मेरा रब्ब मेरे लिए मेरे नूर को पूर्ण कर दे और हमें क्षमा कर दे। निसन्देह तू प्रत्येक चीज़ पर जिसे तू चाहता है स्थायी कुदरत रखता है।

رَبَّنَاۤ اٰمَنَّا فَاغْفِرْ لَنَا وَارْحَمْنَا وَاَنْتَ خَیْرُ الرّٰحِمِیْنَ

(अल्मोमोनून 110)

हे हमारे रब्ब हम ईमान ले आए। अत: हमें क्षमा कर दे और हम पर रहम कर तू रहम करने वालों में सब से बेहतर है।

رَبَّنَا ظَلَمْنَاۤ اَنْفُسَنَا وَاِنْ لَّمْ تَغْفِرْ لَنَا وَتَرْحَمْنَا لَنَکُوْنَنَّ مِنَ الْخٰسِرِیْنَ

(अल्आराफ 24)

हे हमारे रब्ब हम ने अपनी जानों पर ज़ुल्म किया अगर तूने माफ न किया और हम पर रहम न किया तो निसन्देह हम घाटा पाने वालों में से हो जाऐंगे।

رَبَّنَا لَا تَجْعَلْنَا مَعَ الْقَوْمِ الظّٰلِمِیْنَ

(अल्आराफ 48)

हे हमारे रब्ब हमें ज़ालिम लोगों में से न बना।

رَبِّ لَا تَذَرْنِیْ فَرْدًا وَّاَنْتَ خَیْرُ الْوٰرِثِیْنَ

(अल् अंबिया 90)

हे हमारे रब्ब हमें अकेला न छोड़ और तू सब वारिसों में से बेहतर है।

قُلْ رَّبِّ اِمَّا تُرِیَنِّیْ مَا یُوْعَدُوْنَ ۔ رَبِّ فَلَا تَجْعَلْنِیْ فِی الْقَوْمِ الظّٰلِمِیْنَ

(अल्मोमिनून 94-95)

हे मेरे रब्ब अगर तू मुझे दिखा ही दे जिस से उन को डराया जाए(तो यह एक दुआ है) हे मेरे रब्ब अत: तू मुझे अत्याचारी क़ौम में से न बना।

رَبَّنَا وَسِعْتَ کُلَّ شَیْءٍ رَّحْمَةً وَّعِلْمًا فَاغْفِرْ لِلَّذِیْنَ تَابُوْا وَاتَّبَعُوْا سَبِیْلَکَ وَقِهِمْ عَذَابَ الْجَحِیْمِ ۔ رَبَّنَا وَاَدْخِلْهُمْ جَنّٰتِ عَدْنِ الَّتِیْ وَعَدْتَّهُمْ وَمَنْ صَلَحَ مِنْ اٰبَآئِهِمْ وَاَزْوَاجِهِمْ وَذُرِّیّٰتِهِمْ ۔ اِنَّکَ اَنْتَ الْعَزِیْزُ الْحَکِیْمُ ۔ وَقِهِمُ السَّیِّاٰتِ ۔ وَمَنْ تَقِ السَّیِّاٰتِ یَوْمَئِذٍ فَقَدْ رَحِمْتَهٗ ۔ وَذٰلِکَ هُوَ الْفَوْزُ الْعَظِیْمُ

(अल्मोमिन 8-9)

हे हमारे रब्ब तो प्रत्येक चीज़ पर रहमत और ज्ञान से व्याप्त है। अत: वे लोग जिन्होंने तौब: की और तेरी राह की पैरवी की उन को क्षमा कर दे और उन को जहन्नम के अज़ाब से बचा और हे हमारे रब्ब उन्हें स्थायी जन्नतोंमे दाख़िल कर जिन का तूने उन से वादा किया है और उन्हें भी जो उन के बाप दादा और उन के साथियों और उन की में से नेकी धारण करने वाले हैं। निसन्देह तू ही पूर्ण ग़लबा वाला और बहुत हिक्मत वाला है औ उन्हें बुराइयों से बचा और जिसे तूने इस बुराइयों के परिणाम से बचाया तूने उस पर रहम किया और यह बहुत बड़ी सफलता है।

رَبَّنَا اغْفِرْ لَنَا وَلِاِخْوَانِنَا الَّذِیْنَ سَبَقُوْنَا بِالْاِیْمَانِ وَلَا تَجْعَلْ فِیْ قُلُوْبِنَا غِلًّا لِّلَّذِیْنَ اٰمَنُوْا رَبَّنَاۤ اِنَّکَ رَءُوْفٌ رَّحِیْمٌ

(अल्हश्र 11)

हे हमारे रब्ब हमें क्षमा कर दे और हमारे इन भाइयों को भी जो ईमान में हम पर प्राथमिकता ले गए और हमारे दिलों में उन लोगों के लिए जो ईमान लाए कोई द्वेष न रहने दे। हे हमारे रब्ब निसन्देह तू बहुत क्षमा करने वाला और बार बार रहम करने वाला है।

رَبِّ اغْفِرْ لِیْ وَلِوَالِدَیَّ وَلِمَنْ دَخَلَ بَیْتِیَ مُؤْمِنًا وَّلِلْمُؤْمِنِیْنَ وَالْمُؤْمِنٰتِ ۔ وَلَا تَزِدِ الظّٰلِمِیْنَ اِلَّا تَبَارًا

(नूह 29)

हे मेरे रब्ब मुझे क्षमा कर दे और मेरे माता पिता को भी और उसे भी जो मोमिन होने की अवस्था में मेरे घर में दाख़िल हो और सब मोमिन मर्दों और सब मोमिन औरतों को और तो ज़लिमों को हलाकत से सिवा किसी चीज़ में मत बढ़ाना।

رَبَّنَا وَاٰتِنَا مَا وَعَدْتَّنَا عَلٰی رُسُلِکَ وَلَا تُخْزِنَا یَوْمَ الْقِیٰمَةِ ۔ اِنَّکَ لَا تُخْلِفُ الْمِیْعَادَ

(आले इम्रान 195)

हे हमारे रब्ब हमें वह वादा प्रदान कर जो तूने अपने रसूलूं पर हमारे लिए फर्ज़ कर दिया और हमें कयामत के दिन अपमानित न कर। निसन्देह तू वादा नहीं तोड़ता।

اَنْتَ وَلِیُّنَا فَاغْفِرْ لَنَا وَارْحَمْنَا وَاَنْتَ خَیْرُ الْغَافِرِیْنَ

(अल्आराफ 156)

तू ही हमारा वली है अत: हमें माफ फरमा दे और हम पर रहम फरमा और तू बहुत क्षमा करने वाला है

رَبَّنَا اصْرِفْ عَنَّا عَذَابَ جَهَنَّمَ ۔ اِنَّ عَذَابَهَا کَانَ غَرَامًا

(अल्फुर्कान 66)

हे हमारे रब्ब हम से जहन्नुम का अज़ाब टाल दे। निसन्देह उस का अज़ाब चिमट जाने वाला है।

رَبَّنَاۤ اِنَّنَاۤ اٰمَنَّا فَاغْفِرْ لَنَا ذُنُوْبَنَا وَقِنَا عَذَابَ النَّارِ

(आले इम्रान 17)

हे हमारे रब्ब निसन्देह हम ईमान ले आए। अत: हमारे गुनाह क्षमा कर दे और हमें आग के आज़ाब से बचा।

رَبِّ اجْعَلْنِیْ مُقِیْمَ الصَّلٰوةِ وَمِنْ ذُرِّیَّتِیْ رَبَّنَا وَتَقَبَّلْ دُعَآءِ ۔ رَبَّنَا اغْفِرْ لِیْ وَ لِوَالِدَیَّ وَلِلْمُؤْمِنِیْنَ یَوْمَ یَقُوْمُ الْحِسَابُ

(सूरह 41-42)

हे हमारे रब्ब मुझे नमाज़ स्थापित करने वाला बना और मेरी नस्लों को भी। हे हमारे रब्ब मेरी दुआ स्वीकार कर हे मेरे रब्ब मुझे क्षमा कर दे और मेरे माता पिता को भी और मोमिनों को भी जिस दिन तू हिसाब लेगा।

رَبِّ نَجِّنِیْ وَاَهْلِیْ مِمَّا یَعْمَلُوْنَ

(अश्शुअरा 170)

हे मेरे रब्ब मेरी क़ौम ने मुझे झुठला दिया अत: मेरे मध्य और उन के मध्य स्पष्ट फैसला कर दे और मुझे मुक्ति प्रदान कर और उन को भी जो मोमिनों में मेरे साथ हैं।

رَبِّ اِنَّ قَوْمِیْ کَذَّبُوْنِ۔ فَافْتَحْ بَیْنِیْ وَبَیْنَھُمْ فَتْحًا وَّنَجِّنِیْ وَمَنْ مَّعِیَ مِنَ الْمُؤْمِنِیْنَ

(अश्शुअरा 118-119)

हे मेरे रब्ब इस फसाद करने वाली क़ौम के विरुद्ध मेरी सहायता कर।

رَبِّ انْصُرْنِیْ عَلَی الْقَوْمِ الْمُفْسِدِیْنَ

(अन्कबूत 31)

मैं निसन्देह पराजति हूं अत: मेरी सहायता कर।

رَبَّنَا لَا تُؤَاخِذْنَآ اِنْ نَّسِیْنَآ اَوْ اَخْطَاْنَا۔ رَبَّنَا وَلَا تَحْمِلْ عَلَیْنَآ اِصْرًا کَمَا حَمَلْتَہٗ عَلَی الَّذِیْنَ مِنْ قَبْلِنَا رَبَّنَا وَلَا تُحَمِّلْنَا مَا لَا طَاقَۃَ لَنَا بِہٖ وَاعْفُ عَنَّا وَاغْفِرْ لَنَا وَارْحَمْنَآ اَنْتَ مَوْلٰنَا فَانْصُرْنَا عَلَی الْقَوْمِ الْکٰفِرِیْنَ

(अल बकर: 287)

हे हमारे रब्ब हमारी पकड़ न कर कि अगर हम भूल जाएं या हम से कोई भूल हो जाए और हमारे रब्ब हम पर इस प्रकार का कोई बोझ न डाल जैसा हम से पहले लोगों पर उन के गुनाहों के परिणाम स्वरूप तूने डाला और हे हमारे रब्ब हम पर कोई इस प्रकार का बोझ न डाल जो हमारी ताकत से बढ़ कर हो और हमें माफ फरमा और हमें क्षमा कर तू ही हमारी संरक्षक है अत: हमें काफिर क़ौम के मुकाबला में सहायता प्रदान कर।

رَبَّنَآ اَفْرِغْ عَلَیْنَا صَبْرًا وَّثَبِّتْ اَقْدَامَنَا وَانْصُرْنَا عَلَی الْقَوْمِ الْکٰفِرِیْنَ

(अल- बकर: 251)

हे हमारे रब्ब हम पर धैर्य नाज़िल कर और हमारे कदमों रो दृढ़ता प्रदान कर और काफिर क़ौम के विरुद्ध हमारी सहायता कर।

رَبَّنَا اغْفِرْ لَنَا ذُنُوْبَنَا وَاِسْرَافَنَا فِیْٓ اَمْرِنَا وَثَبِّتْ اَقْدَامَنَا وَانْصُرْنَا عَلَی الْقَوْمِ الْکٰفِرِیْنَ

(अले इम्रान 148)

हे हमारे रब्ब हमारे गुनाह क्षमा कर दे और अपने मामले में हमारी अधिकता भी और हमारे कदमों को दृढ़ता प्रदान कर और हमारी कफिर कौम के मुकाबला में सहायता कर।

رَبَّنَا افْتَحْ بَیْنَنَا وَبَیْنَ قَوْمِنَا بِالْحَقِّ وَاَنْتَ خَیْرُ الْفَاتِحِیْنَ

(अल आराफ 90)

हे हमारे रब्ब हमारे और हमारी क़ौम के मध्य सच्चाई के साथ फैसला कर दे और तू फैसला करने वालों में सब से बेहतर है।

رَبَّنَا لَا تَجْعَلْنَا فِتْنَۃً لِّلْقَوْمِ الظّٰلِمِیْنَ وَنَجِّنَا بِرَحْمَتِکَ مِنَ الْقَوْمِ الْکٰفِرِیْنَ

(यूनुस 86-87)

हे हमारे रब्ब हमें ज़ालिम लोगों के लिए परीक्षा न बना और हमें अपनी रहमत से काफिर लोगों से नजात प्रदान कर।

رَبِّ انْصُرْنِیْ بِمَا کَذَّبُوْنِ

(अलमोमेनून 40)

हे हमारे रब्ब मेरी सहायता कर क्योंकि उन्होंने हमें झुठला दिया।

رَبِّ ابْنِ لِیْ عِنْدَکَ بَیْتًا فِی الْجَنَّۃِ وَنَجِّنِیْ مِنْ فِرْعَوْنَ وَعَمَلِہٖ وَنَجِّنِیْ مِنَ الْقَوْمِ الظّٰلِمِیْنَ ।

(अत्तहरीम 12)

हे मेरे रब्ब मेरे लिए अपनी जन्नत में एक घर बना दे और मुझे फिरऔन से और उसके कर्म से बचा ले और मुझे उन ज़ालिम लोगों से मुक्ति प्रदान कर।

अब कुछ हदीस की दुआएं रिवायत हैं आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से यह दुआ रिवायत है। आप ने यह दुआ सिखाई

हे मेरे अल्लाह मेरी गुनाह क्षमा कर दे। और मेरे सब मामलों में मेरी अज्ञानता में और मेरी अधिकता की बुराई से मुझे बचा ले। और उस हानि तथा नुकसान से बचा ले जिसे तू मुझ से अधिक जानता है। हे अल्लाह मेरे कुसूर क्षमा कर दे। मेरे जान बोझ कर सा अपने आप मज़ाक में की गई सारी ग़लतियां माफ कर दे ये सब मेरे अन्दर मौजूद हैं। जो ग़लतियां मुझे से हो गईं और जो अभी नहीं हुईं और जो चोरी छुपे मुझ से हो रही हैं और जो स्पष्ट रूप से में ने कीं वे सब मुझे क्षमा कर दे । तू ही आगे बढ़ाने वाला और पीछे हटा देने वाला और तू ही प्रत्येक चीज़ पर सामर्थवान है

(सहीह बुख़ारी किताबुद्दअवात बाब दुआ हदीस 6398)

फिर आप की एक दुआ है।

اَللّٰھُمَّ لَکَ اَسْلَمْتُ وَعَلَیْکَ تَوَکَّلْتُ وَبِکَ اٰمَنْتُ وَاِلَیْکَ اَنَبْتُ وَبِکَ خَاصَمْتُ وَاِلَیْکَ حَاکَمْتُ فَاغْفِرْ لِیْ مَا قَدَّمْتُ وَمَا اَخَّرْتُ وَمَا اَسْرَرْتُ وَمَا اَعْلَنْتُ اَنْتَ الْمُقَدِّمُ وَاَنْتَ الْمُؤَخِّرُ لَا اِلٰہَ اِلَّا اَنْتَ۔

(सहीह बुख़ारी किताबुद्दअवात बाब अद्दुआ हदीस 6317)

हे मेरे अल्लाह मैं अपना आप तेरे सुपुर्द करता हूं तुझ पर भरोसा करता हूं और तुझ पर ईमान लाता हूं तेरी तरफ झुकता हूं और तेरी मदद के साथ सामने वाले से मुकाबला करता हूं और तेरे ही समक्ष अपनी मुकदमा प्रस्तुत करता हूं। तू मुझे मेरे अगले पिछले ज़ाहिर और छुपे हुए सब गुनाह माफ कर दे। तू ही सब से पहले और सब से अन्त में है और तेरे सिवा कोई उपास्य नहीं।

اَللّٰھُمَّ اَنْتَ رَبِّیْ لَا اِلٰہَ اِلَّا اَنْتَ خَلَقْتَنِیْ وَاَنَا عَبْدُکَ وَاَنَا عَلَی عَھْدِکَ وَوَعْدِکَ مَا اسْتَطَعْتُ اَعُوْذُبِکَ مِنْ شَرِّ مَا صَنَعْتُ اَبُوْءُ لَکَ بِنِعْمَتِکَ عَلَیَّ وَاَبُوْءُ لَکَ بِذَنْبِیْ فَاغْفِرْلِیْ فَاِنَّہٗ لَا یَغْفِرُ الذُّنُوْبَ اِلَّا اَنْتَ۔

(सहीह बुख़ारी किताबुद्दअवात बाब अफज़ल इस्तिग़फार हदीस 6306)

हे अल्लाह तू मेरा रब्ब है। तेरे सिवा कोई उपास्य नहीं है तूने मुझे पैदा किया और मैं तेरा बन्दा हूं। मैं तेरे अहद और वादा पर कायम हूं जितनी मुझे ताकत है। मैं अपने कर्मों की बुराई से तेरी पनाह चाहता हूं और अपने ऊपर तेरी नेअमतों का इकरार करता हूं। और अपने गुनाहों को भी स्वीकार करता हूं मुझे क्षमा कर दे। तेरे सिवा कोई गुनाहों को क्षमा करने वाला नहीं है।

اَللّٰھُمَّ اِنِّیْ اَعُوْذُبِکَ مِنْ قَلْبٍ لَا یَخْشَعُ وَمِنْ دُعَآءٍ لَا یُسْمَعُ وَمِنْ نَفْسٍ لَا تَشْبَعُ وَمِنْ عِلْمٍ لَا یَنْفَعُ۔ اَعُوْذُبِکَ مِنْ ھٰؤُلَآءِ الْاَرْبَعِ۔

(सुनन अत्तिरमज़ी अबवाबुद्दअवात हदीस 3482)

हे अल्लाह मैं तुझ से इस प्रकार के दिल से पनाह चाहता हूं जिस में विनय और विनम्रता नहीं जो मकबूल न हों और इस प्रकार के नफस से जो कभी न भरे और इस प्रकार के ज्ञान से जो लाभ न दे। मैं इन चारों से तेरी पनाह चाहता हूं।

یَامُقَلِّبَ الْقُلُوْبِ ثَبِّتْ قَلْبِیْ عَلٰی دِیْنِکَ۔

(सुनन अत्तिरमज़ी अबवाबुल कदर हदीस 2140)

हे दिलों को फेरने वाले मेरे दिल को अपने धर्म पर दृढ़ रख।

اَللّٰھُمَّ اِنِّیْ اَسْئَلُکَ الْھُدٰی وَالتُّقٰی وَالْعَفَافَ وَالْغِنٰی۔

(सुनन अत्तिरमज़ी अबवाबुल दावात हदीस 3489)

हे मेरे अल्लाह मैं तुझ से हिदायत तक्वा पवित्रता और ग़िना मांगता हूं।

اَللّٰھُمَّ اِنَّا نَجْعَلُکَ فِیْ نُحُوْرِھِمْ وَنَعُوْذُبِکَ مِنْ شُرُوْرِھِمْ۔

(सुनन अबू दाऊद हदीस 3490)

हम तुझे उन के सीनों में रखते हैं अर्थात तेरा रौब उन के सीनों में भर जाए और हम उन की बुराई से तेरी पनाह चाहते हैं।

اَللّٰھُمَّ اِنِّیْ اَسْئَلُکَ حُبَّکَ وَحُبَّ مَنْ یُّحِبُّکَ وَالْعَمَلَ الَّذِیْ یُبَلِّغُنِیْ حُبَّکَ۔ اَللّٰھُمَّ اجْعَلْ حُبَّکَ اَحَبَّ اِلَیَّ مِنْ نَفْسِیْ وَاَھْلِیْ وَمِنَ الْمَآءِ الْبَارِدِ۔

(सुनन अत्तिरमज़ी अबवाबुल कदर हदीस 3490)

हे मेरे अल्लाह मैं तुझ से तेरी मुहब्बत मांगता हूं और उन लोगों की मुहब्बत जो तुझ से प्यार करते हैं और इस काम की मुहब्बत जो मुझे तेरी मुहब्बत तक पहुंचा दे। हे मेरे अल्लाह इस प्रकार कर कि तेरी मुहब्बत मुझे अपनी जान अपने माल अपनी नस्ल और ठण्डे पानी से भी अधिक प्यारी लगे और अच्छी लगे।

एक लम्बी दुआ है। हज़रत इब्ने अब्बास से रिवायत है कि उन्होंने आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को यह दुआ करते हुए सुना कि हे अल्लाह! मेरी तेरी विशेष रहमत को चाहने वाला हूं। जिस के द्वारा तू ने मेरे दिल को हिदायत प्रदान की है। मेरे काम बना दे और मेरे बिखरे हुए कामों को संवार दे। और मेरे बिछुड़े हुओं को मिला दे और मेरे सम्बन्ध रखने वालों को सम्मान दे। तू अपनी रहमत के द्वारा मेरे कर्म को साफ कर दे मुझे नेकी और हिदायत इल्हाम कर और जिन चीज़ों से मुझे मुहब्बत है वह मुझे मिल जाएं। हां इस प्रकार की रहमत जो मुझे प्रत्येक बुराई से बचा ले। और हे मेरे अल्लाह मुझे इस प्रकार का स्थायी ईमान और विश्वास भी प्रदान कर जिस के बाद कुफ्र नहीं होता। इस प्रकार की रहमत प्रदान कर जिस के द्वारा मुझे दुनिया तथा आख़रत में तेरी करामत का सम्मान प्राप्त हो जाए। हे मेरे अल्लाह मैं तुझ से प्रत्येक फैसले में सफलता चाहता हूं और शहीदों जैसी मेहमान नवाज़ी और नेकी का जीवन और शत्रुओं पर विजय और सहायता का इच्छुक हूं। मौला मैं तो अपनी ज़रूरत ले कर तेरे दरवाज़े पर हाज़िर हो गया हूं। अगर मेरी सोच त्रुटि पूर्ण और मेरी कोशिश कमज़ोर भी है तब भी मैं तेरी रहमत को ही मांगने वाला हूं। अत: हे सारे मामलों का फैसला करने वाले हे दिलों के को सांत्वना प्रदान करने वाले मैं तुझ से सवाल करता हूं कि जिस तरह बिफरे हुए समुन्द्रों में तू इंसान को बचा लेता है इसी प्रकार मुझे आग के अज़ाब से बचा ले। हलाकत की आवाज़

कब्र के फित्ना से मुझे पनाह दे। हे मेरे मौला जिस दुआ से मेरी सोच ग़लत है और जिस बात के लिए मैंने मांगने के लिए हाथ नहीं फैलाया। हां वह ख़ैर और भलाई जिस की मैं निय्यत भी नहीं बांध सका मगर तूने अपना सृष्टि में से किसी के साथ इस भलाई का वादा कर रखा है या अपने बन्दों में से किसी को तू वह भलाई प्रदान करने वाला है तो इस प्रकार की हर भलाई का मैं इच्छुक हूं और हे सब संसार के रब तेरी दया का वास्ता दे क्या मैं तुझ से वह भलाई मांगता हूं। हे अल्लाह , मजबूत और समृद्ध सम्बन्ध के मालिक, मैं क़यामत के दिन तुझ से शांति चाहता हूं, और मैं इस शाश्वत युग में स्वर्ग चाहता हूं। तेरे दरबार में हाज़री देने वाले नेक बन्दों के साथ और रकूअ और सज्दे करने वाले और वादों को पूरा करने वालों के साथ मैं। नि:सन्देह तू बहुत रहम और मुहब्बत करने वाला है। बेशक तू जो चाहता है करता है। हे मेरे अल्लाह मुझे इस प्रकार का हिदायत प्राप्त करने वाला बना दे जो न ख़ुद गुमराह होने वाले हों, न गुमराह करने वाले हों। तेरे प्यारों और दोस्ती के लिए हम सलामती का सन्देश हों। और तेरे दुश्मनों के लिए जंग का निशान। हम तरी मुहब्बत के सदका तेरे हर मुहब्बत करने वाले से और विरोधी और दुश्मनी करने वालों से तेरे लिए दुश्मनी करने रखने वाले हों। हे हमारे अल्लाह यह हमारी विनय पूर्ण दुआ है जिस का स्वीकार करना तेरे अधीन है। हे हमारे अल्लाह अत: यही दुआ मेरी सब मेहनत और कोशिश है और सब भरोसा तेरी ज़ात है। हे मेरे अल्लाह मेरे लिए मेरे दिल में नूर पैदा कर दे। मेरी कब्र को भी रौशन करे। मेरे आगे और मेरे पीछे भी नूर कर दे। और मेरे सुनने में भी नूर करे दे। और मेरे देखने में भी नूर कर दे। और मेरे बालों में भी नूर कर दे और मेरी चमड़ी को भी नूरानी कर दे। और मेरे गोश्त और मेरे ख़ून में भी नूर भर दे और मेरे दिमाग़ में भी नूर भर दे और मेरी हड्डियों में भी नूर भर दे। हे मेरे अल्लाह मेरे दिल में नूर का सम्मान पैदा कर और फिर मुझे नूर प्रदान कर। अत: मुझे साक्षात नूर बना दे। पवित्र है वह ज़ात जो सम्मान का लिबास पहन कर सम्मान के साथ स्थापित है। पवित्र है वह हस्ती जिस के साथ किसी का सम्मान वर्णन करना उचित नहीं। पवित्र है वह सम्मान तथा नेअमत वाली हस्ती। पवित्र है वह इज़्ज़ तथा सम्मान वाली हस्ती वह सम्मान तथा इज़्ज़त वाली।

(सुनन अत्ततिरमज़ी अबवाबुद्दअवात हदीस 3419)

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम की दुआएं हैं।

आप ने अपने एक सहाबी चौधरी रुस्तम अली साहिब को यह दुआ ख़त में लिखी थी। यह अरबी दुआ है।

يَامَنْ هُوَ اَحَبُّ مِنْ كُلِّ مَحْبُوْبٍ اِغْفِرْلِيْ وَتُبْ عَلَيَّ وَادْخِلْنِيْ فِيْ عِبَادِكَ الْمُخْلَصِيْنَ۔

(अलहक्म 10 अगस्त 1901ई पृष्ठ 9 जिल्द 5 नम्बर 29)

हे वह कि जो प्रत्येक प्रेमी से ज्यादा प्यार करने योग्य है, मुझे माफ़ कर दे और मुझ पर दया कर और मुझे अपने ईमानदार बन्दों में प्रवेश कर। हम तेरे गुनाहगार बन्दे हैं, और नफ्स विजयी हैं, तू हमे क्षमा कर, और परलोक के उत्पीड़न से हमें बचा।

(उद्धरित अख़बार बद्र 26 जुलाई 1906 ई पृश्ठ 3 जिल्द 2 संख्या 30)

हज़रत ख़लीफतुल मसीह अव्वल को आप ने एक ख़त लिखा और इस में यह दुआ लिखी। इस ओर ध्यान दिलाया।

हे मेरे मुहसिन और मेरे ख़ुदा मैं तेरा एक कमज़ोर बन्दा गुनाहगार और अज्ञानता में पड़ा हूं। तूने मुझ पर ज़ुल्म पर ज़ुल्म देखा और इनाम पर इनाम किया और गुनाह गुनाह पर गुनाह देखा और उपकार कर उपकार देखा। तूने हमेशा मेरी पर्दा पोशी की और अपनी बहुत सी नेअमतों से मुझे लाभांवित किया। अत: अब भी मुझ नालायक और गुनाह गार पर रहम कर और मेरी बेबाकी को माफ कर और मुझ के मेरे इस ग़म से नजात दे कि तेरे सिवा कोई दुख दूर करने वाला नहीं। आमीन

(मक्तूबाते अहमद भाग 2 मक्तूब बनाम हज़रत मौलाना हकीम नूरुद्दीन साहिब ख़लीफतुल मसीह अव्वल मक्तूब नम्बर 2)

आप ने अल्लाह तआला में फना होने की यह दुआ सिखाई।

हे रब्बुल आलमीन मैं तेरे उपकारों का शुक्रिया अदा नहीं कर सकता। तू बहुत ही रहीम तथा करीम है। तेरे बहुत अधिक मुझ पर उपकार हैं। मेरे गुनाह क्षमा कर ताकि मैं हलाक न हो जाऊं। मेरे दिल में इस प्रकार की शुद्ध मुहब्बत डाल दे ताकि मुझे ज़िन्दगी प्राप्त हो जाए। और मेरे गुनाह छुपा और मुझ पर इस प्रकार के कर्म कर जिन से तू राज़ी हो जाए। मैं तेरे करीम नाम के साथ इस बात से भी पनाह मांगता हूं कि तेरा क्रोध मुझ पर नाज़िल हो। रहम फरमा । रहम फरमा। रहम फरमा। और दुनिया तथा परलोक की बलाओं से मुझे बचा क्योंकि प्रत्येक फज़ल तथा करम तेरे ही हाथ में है। आमीन

(मक्तूबाते अहमद भाग 2 पृष्ठ 59 मक्तूब बनाम हज़रत नवाब मुहम्मद अली ख़ान साहिब मक्तूब नम्बर 3)

अब मैं आम तौर पर हमें इस्लामी दुनिया को भी दुआ में याद रखना चाहिए अल्लाह तआला उनमें एकता उत्पन्न करे और जो उन के जो दिल फटे हुए हैं वे दिल जुड़ जाएं और आपस की दुश्मनियाँ उनकी खत्म हों और दुश्मन उनकी प्रतिद्वंद्विता से जो लाभ उठा रहे हैं अल्लाह तआला उस से उन दुश्मनों के हाथों को रोका, और वे इस्लाम को हानि पहुंचाने से रुक जाएं।

अल्लाह तआला सभी अहमदियों में पुरुषों में महिलाओं में संतोष उत्पन्न करे। उन्हें हर बुराई से बचाए। उन्हें दृढ़ता प्रदान करे और हमेशा वह जमाअत की प्रणाली और ख़िलाफत की प्रणाली से चिमटे रहें और जमाअत की प्रणाली को भी लोगों के हक़ अदा करने की तौफ़ीक़ प्रदान करे। उहेदेदारों को उनकी ज़िम्मेदारियों को समझने की तौफीक प्रदान करे। वाक्फीन ज़िन्दगी को वक्फ की भावना के साथ ख़ुदा तआला की सेवा की तौफीक़ प्रदान करे।

अल्लाह तआला हमें दज्जाल के फित्नों और उस की बुराई और उसके बुरे कर्मों से बचाए। अल्लाह तआला उन ताकतों को रोके जो मुसलमानों को कमज़ोर करने वाली हैं को उनकी बुराई से बचाए, बल्कि इसके परिणामस्वरूप न केवल इस्लामी दुनिया बल्कि सारी दुनिया में जो खतरनाक विनाश के आ सकता है। इस तबाही से अल्लाह तआला बचाए। अल्लाह तआला शुहदाए अहमदियत के दर्जे ऊंचे करे। और उनके अभिभावकों को जो पीछे रहने वाले हैं ख़ुद सुरक्षा के सामान पैदा करे। अल्लाह तआला की राह में कैदियों के शीघ्र समान पैदा करे। अल्लाह तआला उन सभी लोगों को जो किसी भी रूप से किसी भी कठिनाई में हैं कठिनाइयों से मुक्ति प्रदान करे। बीमारों को ठीक करे। जो लोग राजनीतिक या धार्मिक रूप से, मुशकिलों में गिरफतार हैं विशेष रूप विभिन्न देशों में जमाअत के लोगों की अल्लाह तआला उन की मुश्किलों को दूर करे और दुश्मन के हाथों को रोके।

दरवेशान कादियान, अब दरवेशान तो बहुत थोड़े रह गए हैं कादियान में रहने वाले कुछ लोग भी परेशानी में हैं उसी तरह पाकिस्तान में रहने वाले और खासकर रबवा के लोग उनकी स्थिति आजकल सरकार द्वारा भी तंग किए जा रहे हैं तंग करने की कोशिश की जा रही है। अल्लाह तआला उन को भी ज़ालिमों से नजात दे और अल्लाह तआला हालात बेहतर करे।

इसी प्रकार, पाकिस्तान के अतिरिक्त भारत के कुछ हिस्सों में, जहां अधिकांश मुसलमान हैं अहमदियों पर अत्याचार किए जा रहे हैं। अल्लाह तआला इन ज़ालिमों के हाथ रोके।

इसी प्रकार इण्डोनेशिया में भी जहां जहां उन को ज़ुल्म के अवसर मिलते हैं वे अहमदियों पर ज़ुल्म करते हैं। पिछले दिनों में भी उन्होंने एक स्थान पर जहां जमाअत थोड़ी थी वहां उन को घरों से निकाल दिया और वे बेघर हुए हैं। अल्लाह तआला उन को भी अपनी हिफाज़त में रखे और दुश्मनों की बुराइयों से बचाए। मैंने पहले भी वर्णन किया था कि अल्लाह तआला मुसलमान देशों को अक्ल दे। यमन में दोबारा फिर बहुत अधिक हमले शुरू हो रहे हैं। ईराक में, सीरिया में फिर्कों के अन्तर के कारण कबीलों के मतभेद के कारण मुसलमान मुसलमान की गर्दनें काट रहा है। अल्लाह उन को अक्ल दे और जिस नबी को यह स्वीकार करने वाले हैं उन की हकीकी शिक्षा पर अनुकरण करने की तौफीक प्रदान करे। और इस ज़माने में अल्लाह तआला ने जिस मसीह और महदी को भेजा है उस को मानने की तौफीक प्रदान करे। ताकि इन ग़लत रास्तों पर चलने से बच सकें। और उन की दुनिया तथा परलोक सुरक्षित रहे।

इसी तरह अल्लाह तआला इन सारे लोगों के मालों तथा जानों में बरकत प्रदान करे जो विभिन्न तहरीकों और जमाअत के चन्दों में माली कुरबानी रहे हैं। इसी प्रकार तब्लीग़ के काम के लिए आज कल एम टी ए बहुत बड़ी भूमिका अदा कर रहा है। अल्लाह तआला एम टी ए की काम करने वालों को और हमारे काम करने वालों में से जो स्वयंसेवक हैं, उन को भी बदला दे। उन को पहले से बढ़ कर काम करने की तौफीक प्रदान करे। एम.टी.ए अफ्रीका भी आजकल बड़ा प्रचार का काम कर रहा है। नया शुरू किया गया है और इस में सब स्थानीय लोग काम कर रहे हैं। अल्लाह तआला उन्हें ज्ञान और इर्फान में बरकत प्रदान करे और वे बेहतर प्रोग्राम बनाकर इस्लाम की वास्तविक सन्देश अपनी क़ौम को भी और दुनिया में भी पुहंचाने वाले हों ।

☆ ☆ ☆

पृष्ठ 2 का शेष

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ की एयरपोर्ट पर आगमन से पहले माल बुकिंग, बोर्डिंग कार्ड प्राप्त और आव्रजन कार्रवाई एक विशेष प्रबंधन के तहत पूरी हो चुकी थी। एक बजकर दस मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ की एयरपोर्ट पर तशरीफ़ हुई। प्रोटोकॉल अधिकारी ने हुज़ूर अनवर का स्वागत किया और हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ सपीशल लाईनज पधारे। आदरणीय रफीक़ अहमद हयात साहिब अमीर जमाअत यू.के, आदरणीय अख़लाक अहमद साहिब (वकालत तब्शीर लंदन) आदरणीय साहिबज़ादा मिर्ज़ा वक़ास अहमद साहिब (सदर मजलिस ख़ुद्दामुल अहमदिया यू.के) और आदरणीय सैयद मुहम्मद अहमद नासिर साहिब (उप अधिकारी सुरक्षा विशेष) एयरपोर्ट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ को अलविदा कहने के लिए साथ आए थे। इन सभी दोस्तों ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ से हाथ मिलाने का सौभाग्य प्राप्त किया और हुज़ूर अनवर को अलविदा कहा।

दो बजकर दस मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ जहाज़ पर सवार होने की लिए लाऊनज से रवाना हुए। हुज़ूर अनवर कार एक विशेष प्रबंधन के तहत जहाज़ के करीब लाई गई और प्रोटोकॉल आफसर हुज़ूर अनवर को जहाज़ में सवार करवा कर वापस गया।

ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट BA 818 दो बजकर 35 मिनट पर हीथ्रो (HEATHROW) एयरपोर्ट लंदन से डेनमार्क के कोपेनहेगन (COPENHAGEN) एयरपोर्ट के लिए रवाना हुई।

एक घंटा पचास मिनट की उड़ान के बाद डेनमार्क स्थानीय समयानुसार 5 बजकर 25 मिनट पर विमान कोपेनहेगन एयरपोर्ट पर उतरा और हज़रत ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ के मुबारक कदम तीसरी बार डेनमार्क की धरती पर पड़े।

डेनमार्क का समय ब्रिटेन के समय से एक घंटा आगे है। जैसे ही हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ जहाज़ से बाहर आए तो प्रोटोकॉल अधिकारी के साथ आदरणीय मुहम्मद ज़करिया ख़ान साहिब अमीर मुबल्लिग़ इन्चार्ज डेनमार्क और आदरणीय मुहम्मद अकरम महमूद साहिब मुबल्लिग़ डेनमार्क व सदर मजलिस ख़ुद्दामुल अहमदिया डेनमार्क ने हुज़ूर अनवर का स्वागत किया और हाथ मिलाने का सौभाग्य प्राप्त किया।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ की गाड़ी जहाज़ के दरवाजा के पास ही पार्क की गई थी। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ गाड़ी में सवार हुए और बिना किसी भी आव्रजन के काम के यहाँ से जमाअत के केंद्र " मस्जिद नुसरत जहां " के लिए प्रस्थान किया।

छह बजकर पंद्रह मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ मस्जिद नुसरत जहां में प्रवेश किया। जमाअत के दोस्तों पुरुषों और महिलाओं ने अपने प्यारे आक़ा का स्वागत किया। बच्चियों के समूह स्वागत गीत प्रस्तुत कर रहे थे। जैसे ही हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ कार से बाहर आए तो आदरणीय नेअमतुल्लाह बिशारत साहिब मुबल्लिग़ सिलसिला डेनमार्क और आदरणीय फलाहुद्दीन साहिब मुबल्लिग़ डेनमार्क ने हुज़ूर अनवर का स्वागत किया और मुलाकात का सौभाग्य प्राप्त किया। सुश्री अमतुल मन्नान साहिबा सदर लजना इमाउल्लाह डेनमार्क ने हज़रत बेगम साहिबा मद्दाज़िल्लाह का स्वागत किया।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ ने अपना हाथ बढ़ा कर सबको अस्सलामो अलैकुम कहा और अपने आवासीय भाग में पधारे।

आज का दिन जमाअत डेनमार्क लिए बहुत धन्य और ख़ुशी और प्रसन्नता का दिन है। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ के मुबारक कदम इस धरती पर पड़े हैं। अल्लाह यह सआदत इस जमाअत के लिए बहुत बरकत का कारण बने।

